Online Exam.

**2022 (2021)**

# M.A. 3rd Semester (CBCS) Examination
## Hindi
## Course- PGHD- XI
## भारतीय काव्यशास्त्र

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2×10= 20**

क. अलंकार सिद्धांत की मूल स्थापनाओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

काव्य में रीति सिद्धांत पर विचार कीजिए।

ख. रस के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए रस निष्पत्ति पर विचार कीजिए ।

अथवा

भारतीय काव्यशास्त्र में 'काव्यात्मा' संबंधी प्रश्न के उद्गम और औचित्य का विश्लेषण कीजिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :** **3×5=15**

क. काव्य प्रयोजन से आप क्या समझते हैं ?

ख. साधारणीकरण की भारतीय अवधारणा का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

ग. वक्रोक्ति सिद्धांत एवं अभिव्यंजनावाद की तुलना कीजिए।

घ. अलंकार और अलंकार्य के भेद को स्पष्ट कीजिए।

ङ. आचार्य रामचंद्र शुक्ल का साधारणीकरण संबंधी मत संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क. रीति को संघटना अर्थात सम्यक घटना नाम किस आचार्य ने दिया ?

ख. काव्य के आस्वादन में उद्वेग उत्पन्न करने वाला कारक क्या कहलाता है ?

ग. 'प्रतीयमान अर्थ' के बारे में किस आचार्य ने विचार किया ?

घ. साधारणीकरण की प्रक्रिया में 'मधुमति भूमिका' की चर्चा किस आचार्य ने की है ?

ङ. 'लाटी' को चौथी नई नीति किसने माना ?

__________X__________

Online Exam.

2022 (2021)

# M.A. 3rd Semester (CBCS) Examination
# Hindi
# Course- PGHD- XII
# विविध विमर्श और हिंदी साहित्य

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2×10= 20**

क. स्त्री- विमर्श की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए स्त्री-विमर्श के सरोकारों का वर्णन कीजिए।

अथवा

"स्त्री-विमर्श अपने मूल-स्वर में पितृसत्तात्मक व्यवस्था का विरोध करता है।"- स्पष्ट कीजिये।

ख. आदिवासी दर्शन और वैचारिकता को स्पष्ट कीजिये।

अथवा

दलित साहित्य के सौन्दर्य-शास्त्र पर आलोकपात कीजिये।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :** **3×5=15**

क. व्याख्या कीजिए।
"तभी जान पाओगे तुम /जीवन की गंध को,
बलवती होती है जो/ देह की गंध से।"

ख. व्याख्या कीजिए।
"वे लूटने लुटाने आए /हम गए परदेश
धरती उजड़ी जंगल उजड़े /रह गया क्या शेष?

ग. दलित चेतना के संदर्भ में 'अम्मा' कहानी की समीक्षा कीजिये।

घ. 'मैना' कहानी में निहित आदिवासी संवेदना पर आलोकपात कीजिये।

ङ. 'मुर्दहिया' में निहित वैचारिकता को स्पष्ट कीजिये।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क. कौन-सा 'नारीवाद' नस्लवाद के विरोध में जन्मा ?

ख. 1970 तक दलित कविता का केन्द्रीय स्वर क्या था ?

ग. 'उत्तर आधुनिकतावाद और दलित साहित्य' किसकी कृति है ?

घ. 'स्त्री विमर्श का लोक-पक्ष' नामक कृति का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

ङ. 'थिंकिंग अबाउट वीमन' किसकी कृति है ?

__________X__________

Online Exam.

2022 (2021)

# M.A. 3rd Semester (CBCS) Examination
# Hindi
# Course- PGHD- XIII
# हिंदी नाटक और रंगमंच

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2×10= 20**

क. नाटक एवं रंगमंच के अन्तस्सम्बन्ध को स्पष्ट करते हुए रंगमंच की प्रकृति एवं स्वरूप का विवेचन कीजिए।

अथवा

'एक और द्रोणाचार्य' नाटक के केंद्रीय पात्र 'अरविंद' के अंतर्द्वंद्व का वर्णन करते हुए नाटककार के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

ख. भारतेन्दु-युगीन राजनीतिक-सामाजिक यथार्थ के परिप्रेक्ष्य में 'अंधेर नगरी' का महत्व प्रतिपादित कीजिए।

अथवा

"मैं यद्यपि तुम्हारे जीवन में नहीं रही, परंतु तुम मेरे जीवन में सदा बने रहे हो। मैंने कभी तुम्हें अपने से दूर नहीं होने दिया। तुम रचना करते रहे, और मैं समझती रही कि मैं सार्थक हूँ, मेरे जीवन की भी कुछ उपलब्धि है।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं? मल्लिका का जीवन आपको सार्थक लगता है या निरर्थक? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :** **3×5=15**

क. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

"तू द्रोणाचार्य है। व्यवस्था और सत्ता के कीड़ों से पिटा हुआ द्रोणाचार्य-इतिहास की धार से लकड़ी के ठूंठ की तरह बहता हुआ, वर्तमान के कगार से लगा हुआ सड़ा-गला द्रोणाचार्य। व्यवस्था के लाइटहाउस ने अपनी दिशा माँगने वाले टूटे जहाज-सा द्रोणाचार्य।"

ख. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

" सेत सेत सब एक से, जहाँ कपूर कपासा।
ऐसे देस कुदेस में, कबहुँ न कीजै बास।।
कोकिल बायस एकसम, पण्डित मूरख एक।
इन्द्रायन दाड़िम विषय, जहाँ न नेकु विवेक।।
बसिए ऐसे देस नहिं, कनक वृष्टि जो होय।
रहिए तो दुःख पाइये, प्रान दीजिए रोय।।

ग. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

"मैंने कहा था मैं अथ से आरम्भ करना चाहता हूँ। यह सम्भवतः इच्छा का समय के साथ द्वन्द्व था। परन्तु देख रहा हूँ कि समय अधिक शक्तिशाली है क्योंकि ...।"

घ. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए :

अरुण यह मधुमय देश हमारा।
जहाँ पहुँच अनजान क्षितिज को मिलता एक सहारा।।
सरस तामरस गर्भ विभा पर, नाच रही तरुशिखा मनोहर।
छिटका जीवन हरियाली पर, मंगल कुंकुम सारा।

ङ. 'नुक्कड़ नाटक' पर टिप्पणी लिखिए।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क. भारतेंदु कृत 'अंधेर नगरी' नाटक का प्रथम मंचन किस थिएटर में किया गया था ?

ख. हिंदी में अव्यावसायिक रंगमंच का सूत्रपात किस थिएटर से माना जाता है ?

ग. बिदेशिया किस राज्य का प्रमुख लोक नाट्य है ?

घ. हिंदी में विसंगत नाटक की शुरुआत किस नाटक से हुई है ?

ङ. "ओ मेरी जीवन की स्मृति !ओ अनंतर के आतुर अनुराग
बैठ गुलाबी विजन उषा में गाते कौन मनोहर राग।"- इस गीत के गायक (पात्र) का नाम लिखिए ?

__________X__________

Online Exam.

# 2022 (2021)
# M.A. 3rd Semester (CBCS) Examination
# Hindi
# Course- PGHD- XIV
# हिंदी कथेतर साहित्य

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** 2×10= 20

क. संस्मरण की विशेषताओं के संदर्भ में पठित संस्मरणों का विश्लेषण कीजिए।

अथवा

हरीशंकर परसाई के साहित्य में व्यंग्य-बोध पर टिप्पणी लिखिए।

ख. पठित निबंधों के आधार पर आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के निबंध-कला की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

अथवा

वैचारिक निबंध की दृष्टि से 'मनुष्य ही साहित्य का लक्ष्य है' निबंध का विश्लेषण कीजिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :** 3×5=15

क. व्याख्या कीजिए :

"मेरी आत्मा बड़ी सुलझी हुई बात कह देती है कभी - कभी अच्छी आत्मा ' फोल्डिंग ' कुर्सी की तरह होनी चाहिए। जरूरत पड़ी तब फैलाकर उस पर बैठ गए ; नहीं तो मोड़कर कोने में टिका दिया। जब कभी आत्मा अड़ंगा लगाती है , तब मुझे समझ में आता है कि पुरानी कथाओं के दानव अपनी आत्मा को दूर किसी पहाड़ी पर तोते में क्यों रख देते थे। वे उससे मुक्त होकर बेखटके दानवी कर्म कर सकते थे। देव और दानव में अब भी तो यही फर्क है - एक की आत्मा अपने पास ही रहती है और दूसरे की उससे दूर।"

ख. 'डायरी' लेखन की भाषागत विशिष्टताओं का वर्णन कीजिए।

ग. व्याख्या कीजिए :

"बीमारियाँ अन्तर्राष्ट्रीय हो गई। हम बाहर की बीमारी ग्रहण करने के लिए बहुत तत्पर रहते हैं। हमने अपनी कोई बीमारी किसी को दी हो , मैं नहीं जानता निर्यात अपना कमजोर है- सामान का हो , चाहे बीमारी का सुना है , भारतीय गाँजा और भाँग पश्चिम में बहुत पसन्द किए जाते हैं। ये धार्मिक नशे हैं। साधु गाँजा पीकर त्रिकालदर्शी हो जाता है।"

घ. 'अशोक के फूल' निबंध की समीक्षा कीजिए।

ङ. ललित निबंध की दृष्टि से 'मेरे राम का मुकुट भींग रहा है' निबंध की समीक्षा कीजिए।

**3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क. चिंतामणि -भाग 2 के संपादक का नाम लिखिए ?

ख. आचार्य शुक्ल के पहले निबंध का नाम एवं प्रकाशन वर्ष लिखिए?

ग. 'मृत्युंजय रवींद्र' कृति के लेखक कौन हैं?

घ. 'विंध्य की धरती का वरदान' निबंध के लेखक का नाम लिखिए?

ङ. ''सेवाग्राम की डायरी' कृति के लेखक कौन हैं?

___________X___________

Online Exam.

2022 (2021)

# M.A. 3rd Semester (CBCS) Examination

## Hindi

## Course- OECHD- XV.I

## तुलनात्मक भारतीय साहित्य

**Full Marks – 40** **Time- 2 Hours**

**1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :** **2×10= 20**

क. 'खामोश अदालत जारी है' नाटक के आधार पर मिस लीला वेणारे का चरित्र चित्रण कीजिए

अथवा

तुलनात्मक साहित्य का अभिप्राय स्पष्ट करते हुए इसके आवश्यकता पर प्रकाश डालिए।

ख. कहानी के तत्वों के आधार पर 'टोबा टेक सिंह' कहानी की समीक्षा कीजिए।

अथवा

'विद्रोह के स्वरों को ताकत देने वाले कवि थे कवि काजी नजरूल इस्लाम', 'विद्रोही' कविता के आधार पर इस कथन की सार्थकता पर प्रकाश डालिए।

**2. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए :** **3×5=15**

क. नाट्यकार विजय तेंदुलकर पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

ख. काबुलीवाला' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

ग. ताराशंकर बंधोपाध्याय के साहित्यिक योगदान का मूल्यांकन करें।

घ. 'मेरी बुलबुल' कविता में निहित मूल भाव स्पष्ट करें।

ङ. 'साहित्य विचार' निबंध के मूल भाव स्पष्ट करें।

**3. वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **5×1= 5**

क. 'तुगलक' नाटक में कुल कितने दृश्य है?

ख. कवि पाश का वास्तविक नाम क्या था?

ग. 'खामोश अदालत जारी है' मराठी नाटक का हिंदी अनुवाद किसने किया?

घ. 'टोबा टेक सिंह' कहानी का प्रकाशन वर्ष बताएं।

ङ. बांग्ला कवि नजरूल के विद्रोही काव्य का अनुकरण हिंदी के किस कवि ने किया?

________X________